# युद्ध खत्म करने का फैसला नेतन्याहू के साथ लूंगा

## ईरान के नेतृत्व की अलोकप्रियता को देखते हुए उन्हें इस समर्थन पर आश्चर्य नहीं

**वॉशिंगटन/ तेल अवीव, 09 मार्च. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने का कोई भी निर्णय वह और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मिलकर करेंगे.**

इजरायल ने श्री ट्रंप के हवाले से कहा कि यदि वह और नेतन्याहू साथ न होते तो ईरान इजरायल को नष्ट कर देता। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने मिलकर ऐसे देश को कमजोर किया है जो इजरायल को खत्म करना चाहता था। श्री ट्रंप ने युद्ध के समर्थन को लेकर इजरायल में दिख रहे माहौल का उल्लेख करते हुए कहा कि ईरान के नेतृत्व की अलोकप्रियता को देखते हुए उन्हें इस समर्थन पर आश्चर्य नहीं है।

उन्होंने श्री नेतन्याहू की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि 'बीबी' (नेतन्याहू का उपनाम) न होते तो आज इज़रायल का अस्तित्व नहीं होता। अमेरिका के राष्ट्रपति ने युद्ध समाप्त करने के सवाल पर कहा कि इस मामले में निर्णय आपसी विचार-विमर्श से लिया जाएगा, हालांकि अंतिम निर्णय उनका होगा।

उन्होंने कहा कि दोनों नेता लगातार बातचीत कर रहे हैं और सही समय पर निर्णय लिया जाएगा। उनसे जब पूछा गया कि क्या अमेरिका के युद्धविराम के बाद इजरायल ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रख सकता है, तो ट्रंप ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ऐसी स्थिति आएगी.



### जंग देश पर जबरन थोपी गई है : ईरान

ईरान ने कहा है कि वह मजबूरी में जंग लड़ रहा है, यह उसकी पसंद नहीं है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि जंग देश पर जबरन थोपी गई है. जब उनसे सीजफायर के लिए मध्यस्थता की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल इस तरह की बात करना गलत होगा. इस समय सैन्य टकराव जारी है और ऐसे में देश की रक्षा के अलावा किसी दूसरे विषय पर चर्चा करना सही नहीं है. उन्होंने कहा कि ईरान ने इस जंग की शुरुआत नहीं की थी. उनके अनुसार देश को अपनी रक्षा के लिए लड़ना पड़ रहा है. इसके अलावा उन्होंने तुर्किये, साइप्रस और अजरबैजान पर हमले से भी इनकार किया है.

### कतर में हार्ट फेल होने से भारतीय नागरिक की मौत

कतर में ओडिशा के रहने वाले एक भारतीय नागरिक की हार्ट फेल होने से मौत हो गई. कतर में भारतीय दूतावास ने शोक जताया है. कतर में भारतीय दूतावास ने कहा, ओडिशा के एक भारतीय नागरिक की 7 मार्च को कतर में हार्ट फेल होने से मौत हो गई. हम मरने वाले के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं जताते हैं.

### अमेरिकी नागरिक सऊदी अरब छोड़ें : अमेरिका

**रियाद.** सऊदी अरब स्थित अमेरिकी दूतावास ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दूतावास के अनुसार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्रालय हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय मार्गदर्शन दे रहे हैं कि इस इलाके में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को उनकी सुरक्षा के संबंध में लिये गये निर्णयों की जानकारी मिल सकें। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, अमेरिकी सरकार आपकी सुरक्षा की परवाह करती है और आपकी सुरक्षा के बारे में सोच-समझकर फैसले लेने के लिए समय-समय पर जरूरी जानकारी साझा करती रहेगी। अगर आप मौजूद विकल्प का फायदा उठाना चाहते हैं तो सरकार पश्चिम एशिया छोड़ने में आपकी मदद करने के लिए तैयार है.

### तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा रूस

**तेहरान/तेल अवीव.** मोजतबा खामेनेई को ईरान का सुप्रीम लीडर चुनने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें बधाई दी है. सोमवार को क्रेमलिन द्वारा जारी एक बयान में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता का काम सम्मान के साथ जारी रखेंगे और कठिन मुश्किलों का सामना करते हुए ईरानी लोगों को एकजुट करेंगे. उन्होंने कहा कि रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा. फ्रांस ने लेबनान की बिगड़ती स्थिति को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है. फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बारो ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में इजराइल की बमबारी के कारण लेबनान में हालात गंभीर हो गए हैं. स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इन हमलों में करीब 400 लोगों की मौत हो चुकी है. बारो ने बताया कि फ्रांस ने लेबनान में काम कर रहे मानवीय संगठनों के लिए लगभग 6.9 मिलियन डॉलर की आपात सहायता जारी की है.



### पुतिन ने मोजतबा को ईरान का सर्वोच्च नेता चुने जाने पर दी बधाई

**मॉस्को.** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को मोजतबा हुसैनी खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुने जाने पर मुबारकबाद दी है। क्रेमलिन के अनुसार श्री पुतिन ने ईरान और वहां के लोगों के सामने खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें कामयाबी की दुआ दी। श्री पुतिन ने एक बयान में कहा, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैयद मोजतबा हुसैनी खामेनेई... कृपया सर्वोच्च नेता के रूप में चुनाव पर आप मेरी दिली मुबारकबाद स्वीकार करें। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान श्री मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किये जाने के बाद आया है। गत 28 फरवरी को शुरू हुए संघर्ष के दौरान अमेरिका-इजरायली हमले में उनके पिता अली खामेनेई की मौत हो गयी थी। श्री मोजतबा की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब देश अपने आधुनिक इतिहास के सबसे गंभीर संकटों में से एक का सामना कर रहा है। बयान में उन भारी जिम्मेदारियों का जिक्र किया गया है, जो क्षेत्रीय तनाव और मुश्किल भू-राजनीतिक हालात के बीच अब नये नेता के कंधों पर हैं। श्री पुतिन ने कहा कि ईरान सैन्य हमले का विरोध करता है और ऐसे कामों के लिए बड़े साहस और समर्पण की जरूरत होगी.

# धामी ने पेश किया एक लाख 11 हजार करोड़ का बजट

- धामी ने पेश किया एक लाख 11 हजार करोड़ से अधिक का बजट

**भराड़ीसैंण (गैरसैंण) 09 मार्च. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को यहां स्थित विधानसभा (विस) भवन में सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए एक लाख 11 हजार 703 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। श्री धामी के पास वित्त मंत्री का भी प्रभार है.**

आज विधानसभा में पूर्वाह्न राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह के अभिभाषण के बाद शुरू हुए बजट सत्र में भोजन अवकाश के बाद वित्त मंत्री की हैसियत से श्री धामी ने वित्त वर्ष 2026ङ्क27 का बजट पेश किया.



इस बजट में वर्ष 2025-26 के सापेक्ष 10.41 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। साथ ही, 2536.33 करोड़ का राजस्व अधिशेष दिखाया गया है। राजकोषीय अनुशासन के तहत राज्य का राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के तीन प्रतिशत की सीमा के भीतर रखा गया है। इसी प्रकार लोक ऋण भी जीएसडीपी के 32.50 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के अंदर बनाए रखा गया है। श्री धामी ने अपने बजट भाषण में कहा कि तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के, पुण्य विचार को चरितार्थ करने के लिए, सशक्त उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए, विकसित उत्तराखण्ड बनाने के विकल्प रहित संकल्प के साथ देवभूमि की महान जनशक्ति की सामूहिक ऊर्जा से वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान प्रस्तुत कर रहा हूँ.

### भाजपा ने तीन राज्यों में 4 ऑब्जर्वर किए नियुक्त

**नई दिल्ली.** भाजपा ने बिहार, हरियाणा और ओडिशा में होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए सेंट्रल ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं. बिहार के लिए छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को जिम्मेदारी दी गई है. हरियाणा में गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष सांघवी और ओडिशा में महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को ऑब्जर्वर बनाया गया है. राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 10 राज्यों में 16 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना की जाएगी. बिहार में 5, ओडिशा में 4 और हरियाणा में 2 सीटों पर चुनाव होना है.

## वाराणसी में धर्म छिपाकर बनाये संबंध, मुकदमा दर्ज

**वाराणसी, 9 मार्च। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित एक कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर धर्म छिपाकर दोस्ती करने और संबंध बनाने के बाद विरोध करने पर धमकी देने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है.**

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता एक ट्रैवल एजेंसी में कार्यरत है और किराए के मकान में रहती है। वह अक्सर शान सिंह उर्फ सऊद की दुकान से बिरयानी लेने जाती थी। इसी दौरान दोनों के बीच जान-पहचान बढ़ी और युवक ने खुद को शान सिंह बताकर उससे दोस्ती कर ली। बाद में दोनों के बीच संबंध भी बन गए। पीड़िता का आरोप है कि बाद में उसे पता चला कि शान सिंह का वास्तविक नाम सऊद है और उसके कई अन्य लड़कियों व महिलाओं से भी संबंध हैं। पुलिस के अनुसार शान सिंह उर्फ सऊद समेत छह नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 119(2), 115(2), 352, 351(3), 69 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) की धारा 3(1)(घ) सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है.

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने सुनीं जनसमस्याएं

- अधिकारियों को दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**लखनऊ, 9 मार्च। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं.**



मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच पहुंचे, उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी समाधान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप सेवा, सुरक्षा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिना किसी भेदभाव के सभी को न्याय मिलेगा और जनसमस्याओं का शीघ्र व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

योगी ने जनपदों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जनता दर्शन के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं.

इस पर मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर यूपीसीडा और जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

## चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सेना सक्षम

**नई दिल्ली, 09 मार्च। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को तमिलनाडु में डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन का दौरा किया और सेना में किये जा रहे बदलावों तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए उसकी तैयारी पर एक व्याख्यान दिया.**



जनरल द्विवेदी ने अपने संबोधन में सेना में जारी प्रमुख सुधारों, थिएटराइजेशन की दिशा में प्रगति, सैन्य कूटनीति की बढ़ती भूमिका और संचालन प्रभावशीलता तथा भविष्य की तैयारियों को सुदृढ़ करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर प्रकाश डाला. सेना प्रमुख ने एक ऐसे भविष्योन्मुखी बल के निर्माण में हो रहे संगठनात्मक, क्षमता तथा सिद्धांतगत परिवर्तनों का भी उल्लेख किया, जो उभरती सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम हो।

सेना प्रमुख ने कहा कि गतिशील रणनीतिक माहौल में पेशेवर सैन्य सहभागिता तथा विचारों के निरंतर आदान-प्रदान के महत्व को रेखांकित किया.

## पहले मधेसी प्रधानमंत्री बनेंगे बालेन शाह

**काठमांडू, 09 मार्च. नेपाल में हुए आम चुनाव में युवा नेता और पूर्व रैपर बालेन शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 124 सीट पर जीत हासिल कर ली है और एक सीट पर आगे चल रही है.**

संसद की कुल 275 सीटों में से बाकी बची 110 समानुपातिक (पीआर) सीटों के लिए भी मतगणना अंतिम चरण में है। प्रारंभिक रुझानों में आरएसपी को कुल मतों का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा मिलता दिख रहा है। यदि यही रुझान अंतिम परिणामों में तब्दील होता है, तो आरएसपी अकेले 185-186 सीट तक पहुंच सकती है, जो दो-तिहाई बहुमत (184 सीट) के जादुई आंक ? से



अधिक होगा। चुनाव आयोग ने 165 में से 162 सीट के परिणाम घोषित कर दिये हैं। नेपाली कांग्रेस 18 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है, जबकि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) ने आठ सीट जीती हैं और एक पर आगे चल रही है। वहीं नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को सात सीट हासिल हुई हैं.

इन प्रमुख दलों के अलावा श्रम संस्कृति पार्टी के तीन, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी का एक प्रत्याशी और एक स्वतंत्र उम्मीदवार भी इन चुनावों में सफल रहा है। इस हार के साथ ही नेपाल की राजनीति में दशकों से दबदबा रखने वाले पुराने चेहरों के युग का अंत माना जा रहा है. बालेन शाह अब नेपाल के इतिहास के सबसे युवा और पहले मधेसी प्रधानमंत्री बनने की दहलीज पर खड़े हैं। श्री शाह अगले महीने 27 अप्रैल को अपना 36वां जन्मदिन मनायेंगे। राजधानी काठमांडू की 10 सीटों सहित पूरी काठमांडू घाटी की 15 सीटों पर आरएसपी ने शानदार प्रदर्शन किया है.

### एक नजर में

#### सिंगर रिहाना के घर पर चली गोलियां



**लॉस एंजिल्स, 09मार्च.** दुनिया की सबसे मशहूर सिंगर्स में से एक रिहाना के घर पर फायरिंग हुई है। उनके घर की तरफ एक महिला ने बार-बार फायरिंग की। घटना में किसी के जख्मी होने की खबर नहीं है। गोली चलाने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने कन्फर्म किया है कि रिहाना के घर के पास गोलीबारी की घटना हुई। 5 से 7 गोलियां चलीं। गोलियां घर के गेट पर लगीं लेकिन घर में नहीं लगीं। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। घर में लोग मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि 30 साल की एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। हमले के बाद पुलिस ने एक गाड़ी को ट्रैक किया.

#### खाड़ी संकट पर चर्चा कराने नोटिस

**नई दिल्ली.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सांसद संदोष कुमार पी ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के मुद्दे पर राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने का नोटिस दिया है। उन्होंने सोमवार को सदन में सामान्य कामकाज स्थगित कर इस गंभीर विषय पर तत्काल चर्चा कराने की मांग की है.

## मोबाइल स्क्रीन बढ़ा रहे दिल्ली में आंखों की समस्या

### एम्स रिपोर्ट : 30प्रतिशत आबादी किसी न किसी दृष्टि दोष से प्रभावित

**नई दिल्ली, 9 मार्च. नई दिल्ली में आंखों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। हाल ही में एम्स की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राजधानी की लगभग 30त्न आबादी किसी न किसी प्रकार के दृष्टि दोष से प्रभावित है.**

विशेषज्ञों का कहना है कि बदलती जीवनशैली, मोबाइल और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के लंबे समय तक इस्तेमाल से आंखों पर लगातार दबाव पड़ रहा है। डॉ. प्रवीण वशिष्ठ के अनुसार, इस समस्या की जड़ डिजिटल लाइफस्टाइल में है। खासकर बच्चों में मायोपिया यानी निकट दृष्टि दोष बढ़ रहा है, नई दिल्ली में इसकी दर 13.1त्न तक पहुंच चुकी है। वहीं 50 वर्ष से अधिक उम्र के



लोगों में अनकरेक्टेड रिफ्रैक्टिव एरर या प्रेसबायोपिया का प्रचलन लगभग 70त्न है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि दिल्ली में आई केयर संस्थानों की संख्या और प्रशिक्षित ऑप्टोमेट्रिस्ट व ऑप्थल्मोलॉजिस्ट की कमी है। 249 संस्थानों में से अधिकांश निजी क्षेत्र द्वारा संचालित हैं और जनसंख्या के अनुपात में विशेषज्ञ सीमित हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर सेवाएं भी पर्याप्त नहीं हैं.

विश्व स्वास्थ्य संगठन के टूल के माध्यम से यह मूल्यांकन किया गया है, जो नीतियों और कार्यक्रमों की प्रभावशीलता को आंकने में मदद करता है। रिपोर्ट के अनुसार नियमित आंखों की जांच और बच्चों में स्क्रीन टाइम नियंत्रण इस समस्या को कम करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। राजधानी दिल्ली में आंखों की समस्याओं का स्तर चिंताजनक रूप ले रहा है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (एम्स) की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली की लगभग 29.5त्न आबादी यानी करीब 60 लाख लोग किसी न किसी दृष्टि दोष से प्रभावित हैं.

## सेंट्रल नोएडा में फर्जी वीजा गिरोह का पर्दाफाश

- आरोपी को गिरफ्तार कर कई दस्तावेज बरामद किये

**सेंट्रल नोएडा 09 मार्च। उत्तर प्रदेश के सेंट्रल नोएडा बिसरख थाना पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने उसके कब्जे से आठ पासपोर्ट, नब्बे विजिटिंग कार्ड, चौबीस फर्जी वीजा (फोटोकॉपी), छह खाली वीजा लिफाफे, सैंतीस लेटर पैड, फर्म से जुड़े दस्तावेज, कूट मोहर, तीन मोबाइल फोन और 47,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। सोमवार को पुलिस ने गिरोह का खुलासा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को एक पीड़ित ने बिसरख थाना में शिकायत दर्ज कराई कि सक्षम शर्मा उर्फ बिट्टू शर्मा और उसके साथी राजीव शर्मा उर्फ सुरेन्द्र ने गौर सिटी मॉल में स्काई वीजा वेंचर नाम से ऑफिस खोल रखा था।

दोनों आरोपी कॉलिंग और अन्य माध्यमों से लोगों से संपर्क कर उन्हें फिनलैंड, पोलैंड और रूस जैसे देशों में नौकरी दिलाने और वर्क वीजा बनवाने का झांसा देते थे. आरोपी ग्राहकों से उनका पासपोर्ट लेकर प्रत्येक व्यक्ति से 19,000 से एक लाख रुपये तक वसूलते थे.

### आज का इतिहास

1876 – ग्राहम वेल ने पहली बार टेलिफोन पर अपने मित्र से बात की। उन्होंने अपने मित्र से कहा कि मेरी आवाज़ सुनो, मैं एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल।

1897 – भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक सावित्रीबाई फुले का निधन।

1915 – प्रथम विश्वयुद्ध में मरणोपरान्त विक्टोरिया क्रास पाने वाले भारतीय सैनिक गबर सिंह नेगी का निधन.

1922 – महात्मा गांधी गिरफ्तार किए गए, राजद्रोह का आरोप, छह वर्षो की क़ैद, परन्तु दो वर्ष बाद रिहा किए गए.

ङ्गराजनीति | राहुल गांधी बोले- पश्चिम एशिया जंग से भारत को नुकसान

# मिडिल ईस्ट जंग से भारत को खतरा : राहुल गांधी

- मिडिल ईस्ट तनाव पर राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, 9 मार्च. पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव को लेकर भारत की राजनीति भी गरमा गई है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष को भारत के लिए बड़ा आर्थिक और कूटनीतिक खतरा बताया है.**

उन्होंने कहा कि इस जंग का असर भारतीय अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और शेयर बाजार पर पड़ सकता है.




### गाँधी के नेतृत्व में कांग्रेस हो गयी है दिशाहीन : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को लोक सभा में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर निर्धारित चर्चा करने के बजाय दूसरा मुद्दा उछाल कर कार्यवाही बाधित करने के कांग्रेस के रवैये की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह विपक्षी पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरी तरह से विफल और दिशाहीन हो चुकी है.

### विपक्ष को पता ही नहीं है कि वे करना क्या चाहते हैं : रिजिजू

विपक्ष के हंगामे पर भड़के संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विदेश मंत्री ने इतना सुंदर जवाब दिया है. विपक्ष को सुनना ही नहीं है. उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्हें इस सदन के नियम नहीं मालूम. विपक्ष को पता ही नहीं है कि वे करना क्या चाहते हैं. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष कनफ्यूज है.

### राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में कोर्ट 12 को करेगी सुनवाई

**सुलतानपुर.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में सुलतानपुर की विशेष अदालत 12 मार्च को सुनवाई करेगी। वादी विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि विशेष जज शुभम वर्मा ने मामले में आगे की कार्रवाई के लिए बहस के लिये 12 मार्च की तिथि तय की है. उन्होंने बताया कि बीते 20 फरवरी को रायबरेली से सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने न्यायालय में धारा 313 के तहत अपना बयान दर्ज कराया था.

### यूट्यूबर के खिलाफ खत्म हुई अवमानना की कार्रवाई

**नई दिल्ली, 09 मार्च.** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक यूट्यूबर के खिलाफ शीर्ष अदालत की एक पूर्व न्यायाधीश के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए स्वत- संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई खत्म कर दी. न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने यह चेतावनी देते हुए कि मामले को बंद कर दिया कि ऐसा दोबारा होने पर गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। चंडीगढ़ के यूट्यूबर और वरप्रद मीडिया के मुख्य सम्पादक अजय शुक्ला ने अपनी वकील ईशा बख्शी के जरिए बिना शर्त माफी मांगी.

## मंत्रियों की गैरहाजिरी से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नाराज

**मुंबई, 09 मार्च. महाराष्ट्र प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष रवींद्र चह्वाण ने विधानमंडल के मौजूदा बजट सत्र के दौरान मंत्रियों और विधायकों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी जतायी है.**

पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री चह्वाण जल्द ही एक बैठक करेंगे, जिसमें वे इन नेताओं को कड़ी फटकार लगा सकते हैं। यह देखा गया है कि पार्टी के कई विधायक और मंत्री सदन की दोपहर की कार्यवाही में शामिल नहीं हो रहे हैं। इस बात से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष काफी खफा



बताये जा रहे हैं। श्री चह्वाण को सख्त अनुशासित और कुशल संगठनकर्ता के रूप में जाना जाता है तथा पार्टी के मंत्रियों एवं विधायकों पर उनकी मजबूत पकड़ है। राजस्व मंत्री और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के भी इस बैठक में मौजूद रहने की उम्मीद है.